हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 अप्रैल 2024

11 राधाकृष्ण संगठन ने निकाली प्रभात फेरी

12 विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरित किए


नारनौल शहर में पहली बार
विश्वस्तरीय व आधुनिक तकनीक से लैश
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी विभाग
आँत, पेट, लीवर व पैनक्रियाज से सम्बंधित बिमारीयाँ
एण्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी एवं ERCP की सुविधा

डॉ. अशोक कुमार
MBBS, MD Medicine (GMCH, Chandigarh)
DM Gastroenterology (DMCH, Ludhiana)
Ex. Const. Saroj Super Speciality Hospital, Delhi
Ex. Const. Jaipur Golden Hospital, Delhi
Ex. Sr. Const. Ujala Sygnus : Sonia Hospital, Delhi
रेवाड़ी, जयपुर एवं दिल्ली की सभी सुविधाएं नारनौल में पहली बार
27 मार्च 2024 से नियमित ओपीडी सेवाऐं
24 घण्टे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सैन्टर
सिंघाना रोड, महावीर चौक, नारनौल (हरि.)
Ph. 01282-298621, 9991116314

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालयों में छठी व नौवीं कक्षाओं में दाखिले के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कक्षा छठी के लिए जेएनवीएसटी परीक्षा चार नवंबर को फेज प्रथम व 20 जनवरी को फेज द्वितीय की परीक्षा आयोजित की गई थी। वहीं कक्षा नौवीं की परीक्षा 10 फरवरी को आयोजित की गई थी।

### बीमारी से परेशान होकर व्यक्ति ने लगाई फांसी

**कनीना।** खैराणा गांव में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के पिता रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके एक लड़का व दो लड़की है, जो सभी शादीशुदा है। उसके लड़के दीवान की शादी उत्तर प्रदेश में हो रखी है। जिसकी पत्नी पिछले करीब छह माह से अपने मायके गई हुई है। रोहताश ने बताया कि दीवान पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसे दौरे भी आते है। बीमारी से परेशान होकर ही अपनी जीवनलीला को समाप्त कर ली। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### सीयूईटी यूजी पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 अप्रैल

**नारनौल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 27 फरवरी को कॉमन यूनिवर्सिटी एडमिशन टेस्ट की अधिसूचना जारी की गई थी। सीयूईटी यूजी पंजीकरण व आवेदन फॉर्म की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब पांच अप्रैल कर दिया गया है। एनटीए ने नोटिस जारी करते हुए पंजीकरण से वंचित उम्मीदवारों को एक मौका और दिया।

### प्रॉपर्टी आईडी त्रुटि सुधार कैंप का समापन

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी नगर पालिका परिसर में जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद के आदेश अनुसार दो दिवसीय प्रॉपर्टी आईडी त्रुटि सुधार कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें शनिवार को 8 व रविवार को 7 लोगों की प्रॉपर्टी आईडी में जो खामियां थी उनको सुधारा गया और उन्होंने टैक्स भरकर 15 प्रशित छूट का फायदा उठाया। अटेली में कुल 4530 प्रॉपर्टी आईडी बनी हुई है, जिनमें से पीछे 964 प्रॉपर्टी आईडी में सुधार कर दिया था। बाकी की आईडी में खामियां हैं तो उनको इन कैंप के माध्यम से शुद्धिकरण किया।

क्लर्क लगवाने के नाम पर की धोखाधड़ी

# उत्तर पुस्तिका पर करवाए हस्ताक्षर, 14 लाख भी गंवाए, नहीं मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

हरियाणा सिविल क्लर्क भर्ती करवाने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात है कि भर्ती के लिए महिला को उत्तर पुस्तिका पर हस्ताक्षर तक भी करवाए गए। जब परिणाम आया तो चयनित सूची में नाम नहीं था। इस घटनाक्रम के बाद आरोपितों से पैसा वापस मांगा गया तो आनाकानी शुरू हो गई। इस तरह पीड़िता से 14 लाख रुपये ऐंठे गए। अब पीड़िता के पति ने पुलिस की शरण ली है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो नामजद सतबीर व पुष्कर उर्फ झम्मन के खिलाफ आईपीसी की धारा 406,420 के तहत केस दर्ज किया है।

#### मामला अटेली क्षेत्र के गांव सिलारपुर का

जानकारी के अनुसार गांव सिलारपुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि पत्नी सपना ने वर्ष 2019 में हरियाणा सिविल क्लर्क की भर्ती के लिए परीक्षा दी थी। यहीं परीक्षा गांव के ही दोस्त दिनेश ने भी दी। अटेली में रहने वाला दोस्त रविंद्र का ससुराल गांव चंदुपरा में है। इस वजह से गांव चंदपुरा में रहने वाले सतबीर से भी उसकी जान पहचान हो गई। इसी सतबीर ने उसे बताया था कि हरियाणा में हाईकमान तक अच्छी चलती है। पत्नी सपना को हरियाणा में क्लर्क की भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण करवाकर भर्ती करवा देगा। इस क्लर्क भर्ती की एवज में वह उससे 10 लाख रुपये लेगा। उस समय पत्नी सपना व दोस्त दिनेश ने हरियाणा क्लर्क भर्ती की परीक्षा सितम्बर 2019 में दे रखी थी। सतबीर ने उसे पूरा आश्वासन दिया कि वह भर्ती करवा देगा। तब उसने व दोस्त दिनेश ने सतबीर से दोनों को भर्ती करवाने की बात कर ली।

#### पैसे नहीं लौटाने पर पीड़िता का पति पहुंचा पुलिस के पास

शिकायत में आरोप है कि सितम्बर 2019 में सतबीर उसके पास गांव सिलारपुर में आया और भर्ती करवाने के नाम के दो लाख रुपये बतौर टोकन मनी लेकर गया। उसके बाद सतबीर व उसका साथी पुष्कर गांव परतापुर हमारे से मिलते-जुलते रहने लगे।

उसके बाद सतबीर ने उसे बताया कि पुष्कर उसका जानकार है। हम दोनों मिलकर भर्ती करवाने का काम करते हैं। सितंबर माह के अंत में सतबीर व उसके दोस्त पुष्कर ने उसे चंदपुरा अटेली में बुलाया तो वह अपने दोस्त दिनेश व रविंद्र के साथ चंदपुरा गय। वहां पर सतबीर व पुष्कर गाड़ी लिए हुए मिले। सतबीर व पुष्कर ने पत्नी सपना व दोस्त दिनेश को भर्ती करवाने के लिए 12 लाख रुपये नगद राशि ली। फिर कहा कि वह उनकी पेपर सीट बदलवा देंगे और सपना व दिनेश को क्लर्क भर्ती करवा देंगे। सतबीर व पुष्कर ने उसकी पत्नी सपना व दिनेश के एक उत्तर पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी करवाए था। बाद में जब हरियाणा क्लर्क भर्ती का परिणाम आया तो उसकी पत्नी व दोस्त का नाम नहीं था। हमने सतबीर व पुष्कर से संपर्क किया तो दोनों कहने लगे कि हमने रुपये आगे दे रखे हैं। करीब एक माह के बाद पेमेंट वापिस आएगी तो हम पैसे लौटा देंगे। इसके बावजूद भी सतबीर व पुष्कर ने यह रकम नहीं लौटाई। शिकायतकर्ता को झूठा आश्वासन देते रहे।

उसके बाद शिकायतकर्ता दोस्त दिनेश व रविंद्र गांव चंदपुरा में सतबीर के मकान व गांव परतापुर में पुष्कार के मकान पर गए। दोनों ने जवाब दिया कि हमारे पास रुपयों का इंतजाम नहीं है। हम थोड़े दिनों में रकम लौटा देंगे। ऐसे करके इन्होंने 14 लाख रुपये की राशि ऐंठ ली।

# प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए लगाए दो दिवसीय कैंप में मिले 3.5 लाख रुपये

- नारनौल नगर परिषद को वित्त वर्ष 2023-24 में एक करोड़ से ज्यादा राजस्व की हुई कमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। नगर परिषद में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वित्त वर्ष 2023-24 का 31 मार्च को समापन हो गया। इस वित्त वर्ष में नारनौल परिषद को एक करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व महज प्रॉपर्टी टैक्स से प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार ने भी प्रॉपर्टी टैक्स अदा करने के लिए अपने ग्राहकों को काफी रियायत दी हुई थी, जिसका नारनौल के उपभोक्ताओं ने इस साल भरपूर लाभ उठाया है। वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30-31 मार्च को शनिवार एवं रविवार की छुट्टी होने के बावजूद नगर परिषद परिसर में प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इन दो दिनों में भी करीब 125 उपभोक्ता नगर परिषद पहुंचे और अंतिम दिनों में भी सरकार की प्रॉपर्टी टैक्सों में दी गई रियायत का लाभ उठाने प्रयास किया। इन दो दिनों में नगर परिषद को करीब 3.5 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि शहर में प्रॉपर्टी का टैक्स नगर परिषद को अदा करना पड़ता है। अनेक लोग ऐसे होते हैं, जो प्रॉपर्टी टैक्स अदा करने में लापरवाही बरतते हैं और अनदेखी करने लगते हैं। धीरे-धीरे करके प्रॉपर्टी टैक्स की यही रकम बढ़-चढ़कर कई गुणा हो जाती है और उपभोक्ता इसे अदा करने में असमर्थ एवं असहाय की स्थिति में आ जाता है। उपभोक्ताओं को ऐसी स्थिति से उबारने के लिए प्रदेश सरकार ने इस बार प्रॉपर्टी टैक्स में विभिन्न प्रकार की रियायत दी हैं। सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों को ब्याज पर शत-प्रतिशत छूट प्रदान की। बकाया मूल राशि पर भी 15 प्रतिशत छूट प्रदान कर दी। इतना ही नहीं, वर्तमान सालाना ईयर का प्रॉपर्टी टैक्स एकमुश्त जमा कराने वालों को भी 15 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान कर दी। नारनौल शहर में करीब 35 हजार प्रॉपर्टी आईडी बनी हुई है और इनकी तरफ करीब 10-12 करोड़ रुपये जैसी मोटी रकम प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में बकाया चली रही है। जिसे वसूल करने के लिए ही प्रदेश सरकार ने अपने उपभोक्ताओं को इस बार विशेष रियायत प्रदान की।

#### सरकारी विभागों ने नहीं दिखाई रुचि

कमाल की बात है कि इस बार प्रदेश सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स में छूट तो बहुत प्रदान की, लेकिन सरकारी विभागों की तरफ नगर परिषद का प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में खूब सारा पैसा बकाया ही चला आ रहा है। इसमें लघु सचिवालय से लेकर डीसी कोठी एवं अधिकारियों के सरकारी कार्यालय जैसे बिजली, जनस्वास्थ्य आदि समेत दर्जनों ऐसे कार्यालय हैं, जो प्रॉपर्टी टैक्स अदा नहीं कर रहे, जबकि इनकी तरफ भी लाखों रुपये बकाया चले आ रहे हैं।

#### छुट्टी के बावजूद लगाया कैंप

नगर परिषद नारनौल समेत जिले की पालिकाओं महेंद्रगढ़, कनीना, नांगल चौधरी एवं अटेली में भी वित्त वर्ष के अंतिम दो दिनों शनिवार एवं रविवार को छुट्टी के दिन भी कैंप लगाए गए, जिनका लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। नगर परिषद नारनौल में छुट्टी के दिए लगाए गए विशेष कैंप में करीब 125 लोगों ने लाभ उठाया। इन्होंने नगर परिषद में लगभग 3.5 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के अदा किए हैं।

# हथियार उपलब्ध करवाने का आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सीआईए ने कार्रवाई करते गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित रणसिंह वासी बूढ़वाल नांगल चौधरी को अवैध हथियार के साथ गांव मांदी बाईपास हाईवे पुल के नीचे से 18 मार्च को गिरफ्तार किया था। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया था। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपित का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान हिम्मत वासी हसनपुरा थाना पनियाला राजस्थान के रूप में हुई थी।

पुलिस ने आरोपित हिम्मत से पूछताछ में पता लगाया कि विक्रम वासी अमरपुरा नयागांव थाना पनियाला राजस्थान ने उसे अवैध हथियार दिया था। पुलिस ने आरोपित विक्रम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपित को रविवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।


नारनौल। पुलिस गिरफ्त में अवैध हथियार उपलब्ध करवाने का आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

# हनुमान जन्मोत्सव व श्याम जागरण शोभा यात्रा को लेकर बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्राचीन हनुमान मंदिर में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कमेटी संस्थापक साहिल भालोठिया ने की। समर चौधरी ने हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम के रूप रेखा के बारे में सदस्यों से चर्चा की गई। समर चौधरी ने बताया 21 अप्रैल को सुबह नौ बजे शोभा यात्रा मोदाश्रम से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए जागरण स्थल पर पहुंचेगी। इसके बाद शाम को बाबा का जन्मोत्सव विशाल जागरण कर मनाया जाएगा, जिसमें पंजाब के कलाकार मयंक अग्रवाल, नारनौल से विकास जांगिड़, महेंद्रगढ़ से सत्येंद्र वशिष्ठ, अतुल जांगिड़ अपनी वाणी से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। साहिल भालोठिया ने बताया कि बाबा का दरबार आर्कषक फूलों व रंग-बिरेंगी लाइटों से सजाया जाएगा। दरबार में विशेष आकर्षण का केंद्र महाकाल दरबार रहेगा। इसके अलावा बालाजी महाराज का मावा मिश्री का केक काटा जाएगा। इस मौके पर समर चौधरी, जितेस सेन, साहिल भालोठिया, बंटी सैनी, साहिल सैनी, दीपक सेन, राहुल, तपीस शर्मा, आशीष कानोडिया व अतुल आदि मौजूद रहे।

# अपने ही कारीगर पर लगाया सोना चोरी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। सिटी थाना में शिकायत देने पहुंचे स्वर्णकार। *फोटो : हरिभूमि*

शहर के एक स्वर्ण व्यापारी ने अपने ही कारीगर पर दुकान का 70 ग्राम सोना चोरी करने का आरोप लगाते हुए इसकी पुलिस में शिकायत दी है। पीड़ित रोहतास सोनी ने बताया कि वह करीब 17 सालों से पुस्तक गली में रोहतास ज्वैलर्स के नाम से अपनी फर्म बनाकर काम करता है। उसकी फर्म पर नबा कुमार सांतरा निवासी मुख्तारपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल का रहने वाला कारीगर काम करता रहा है। जिसको उसने राजू बंगाली, जो पुस्तक गली में ही कार्य करता है, की गारंटी पर रखा था। नबा कुमार पुस्तक गली में ही पिछले करीब दस सालों से किसी ओर से पास करता रहा है और अब एक साल से उसके पास काम करने लगा था, लेकिन अब 27 मार्च को उसने 70 ग्राम सोना चोरी कर लिया। इसकी चोरी की जानकारी उन्हें अगले दिन 28 मार्च को उस समय हो गई, जब नबा कुमार सुबह दुकान पर नहीं आया। उसके मोबाइल पर कई बार फोन किया, लेकिन स्विच ऑफ आता रहा। उससे अगले रोज भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं मिला और उसका सोना चोरी करके कहीं फरार हो गया है। उन्होंने नबा कुमार के भाई को भी इस घटना की बाबत बताया गया है, जिसके अनुसार वह अभी गांव नहीं पहुंचा है। उन्होंने इस मामले की पुलिस एसएचओ को लिखित शिकायत दी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत देते वक्ता पूर्व नगर पार्षद दयानंद सोनी, सरार्फा एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सोनी, स्वर्णकार सभा के प्रधान राजेंद्र प्रसाद सोनी, गौत्तम सोनी, रोहतास सोनी, सत्यनारायण सोनी, मुकेश सोनी, सुभाष नेताजी, राजेश, विजय सोनी, होशियार सोनी, विनोद सोनी, अमित सोनी, राजू बंगाली व जयप्रकाश सोनी आदि मौजूद थे।

नाबालिग से दुष्कर्म प्रयास में तीसरे आरोपी के बचाव का आरोप

# आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाने का घेराव किया

- दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना


कनीना। पोक्सो एक्ट के तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने का घेराव करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

खंड के एक गांव की नाबालिग युवती से रेवाड़ी जिले के एक गांव के तीन युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। इनमें पुलिस ने दो आरोपितों को काबू कर जेल भेज दिया, जबकि तीसरे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को ग्रामीण एकत्रित हुए और थाना का घेराव किया। ग्रामीणों ने कहा कि थाना पुलिस ने पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज दो युवकों को सप्ताहभर पूर्व काबू जेल भेज दिया गया। ग्रामीणों ने पुलिस पर तीसरे आरोपित का बचाव करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को कनीना सदर थाना का घेराव किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि दुष्कर्म करने का दबाव बनाने के दो आरोपितों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। ग्रामीणों ने कहा कि आरोपित युवक युवती से फोन कर दुष्कर्म करने का दबाव बना रहे थे। ऐसा नहीं करने पर मारने की धमकी भी देते थे। परेशान होकर युवती ने यह जानकारी अपने परिजनों को दी।

परिजनों ने सदर थाना में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने दो आरोपित युवकों को काबू कर लिया है, जबकि तीसरे युवक की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। आरोपित तीनों युवक रेवाड़ी जिले के एक गांव के बताए गए हैं। ग्रामीण आरोपित युवक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। थाने का घेराव करने वालों में सरपंच वीरेंद्र दीक्षित गुढ़ा, ईश्वर सिंह रसूलपुर, उमेद सिंह इसराना, सतवीर सिंह रसूलपुर, धनराज मोहनपुर, महेंद्र सिंह, ऋषिराज मोहनपुर, देशराज, कैलाश सरपंच मोहनपुर, राधेश्याम शर्मा, सुरेश लुखी, दशरथ, रामवीर ककराला, अमरजीत, जीतराम मोहनपुर, सुंदरलाल ककराला आदि शामिल थे।

इस बारे में सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने कहा कि मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। जांच में तीसरा युवक दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर के दौरान प्रॉपर्टी टैक्स माफी के 12 आवेदन मिले

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी नपा कार्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रॉपर्टी टैक्स रियायत शिविर में 12 आवेदन मिले हैं। जिनमें छह के दस्तावेज सही मिलने पर उन्हें रियायत सुविधा मुहैया करवा दी गई है। बचे हुए आवेदकों को दस्तावेज कंप्लीट करके जमा करवाने की हिदायत दी। नपा के सचिव सौरभ जैन ने बताया कि 31 मार्च तक प्रॉपर्टी टेक्स की अदायगी करने की हिदायत थी। अंतिम दिन कर दाताओं की भीड़ रहेगी, इसलिए उनकी सुविधा के लिए कार्यालय में विशेष कैंप लगाने के निर्देश मिले हैं। दो दिन में 12 मकान मालिकों ने आवेदन करके प्रॉपर्टी टैक्स माफ करने की गुहार लगाई थी। विभिन्न दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद छह की प्रॉपर्टी आईडी को सत्यापित कर दिया है।

# टैबलेट देने के बारे में शिक्षा विभाग ने जारी की एसओपी

**महेंद्रगढ़।** नए सत्र 2024-25 से कक्षा 10वीं, 10वीं 12वीं के विद्यार्थियों को ई-अधिगम योजना के तहत टैबलेट देने बारे शिक्षा विभाग द्वारा एसओपी जारी की है। जिला टैबलेट वितरण अधिकारी व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संस्कृत प्रवक्ता अरुण कुमार ने बताया कि 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को अपना टैबलेट परीक्षा संपन्न होने के तुरंत बाद जमा करना होगा। 10वीं कक्षा के बच्चों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नए विद्यार्थियों को टैबलेट मिलेंगे। टैबलेट देने से पहले चैक करें कि उसमें एमडीएम एक्टिवेट है या नहीं। यदि किसी विद्यार्थी से टैबलेट गुम हो गया है या टूट गया है, खराब हो गया है तो उसे विद्यार्थी को टैबलेट दोबारा नहीं दिया जाएगा। टूटा हुआ और खराब टैबलेट वापस जमा करना होगा। यदि टैबलेट गुम हुआ है तो उसकी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करानी होगी। टैबलेट प्रभारी को सिम एवं टैबलेट की सूचना प्रतिदिन अवसर पोर्टल पर अपडेट करनी होगी। सिम डिमांड करने से पहले स्कूल में अवेलबल सिम को देना होगा, सिम ना होने पर ही अवसर पोर्टल पर डिमांड करें। टैबलेट की अतिरिक्त डिमांड जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से करें। सिम की जानकारी के लिए वेंडर स्टेटस को लगातार चैक करते रहे। सत्र 2023-24 के इन्वेंटरी डाटा को पांच अप्रैल तक अपडेट अवश्य करें। अवसर पोर्टल पर अपडेट, फिजिकली एवं ऑनलाइन टैबलेट डाटा में समानता होनी चाहिए। स्कूल प्राचार्य व टैबलेट इंचार्ज के साथ साप्ताहिक मीटिंग करके डाटा कंपाइल करें।


प्रवक्ता अरुण कुमार।



## दूध, दही, लस्सी मिट्टी के बर्तन में रखते थे

दूध खराब न हो इसके लिए उसे मिट्टी की कढ़ोणी में रखा जाता था। कढोणी के नीचे ईंधन डाल दिया जाता था। दिनभर यह दूध उबलता रहता था। जिसके बाद वह खराब नहीं होता था। चाय आदि के दूध को ज्यादा गर्मी होने पर ठंडे पानी में रखते थे। मिट्टी की बिलौनी में दूध को शाम के समय जमाया जाता था। सुबह जो दही जमी होती थी, उसको बिलोकर मक्खन व लस्सी बना लिया जाता था।

# तूड़ी, अनाज और खाद्य वस्तुओं के भंडारण की सस्ती तकनीक का इस्तेमाल करते थे ग्रामीण





*चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। आज हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी।*

परंपरा | राज कुमार नरवाल

आज से चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। धीरे धीरे इलेक्ट्रिक उपकरण बढ़ते चले गए और हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी। आस पड़ोस व मोहल्ले के लोग देर रात तक एक दूसरे से बातचीत करते रहते थे। इन्वर्टर आने के बाद तो लोगों ने घरों के अंदर ही रहना शुरू कर दिया। अब तो गर्मी हो या सर्दी दिन के समय भी गांवों की गलियां सुनसान रहती हैं। पहले गांव के लोग दोपहर के समय भी घरों से बाहर ही रहते थे। गांव की बणियों में पेड़ों की छांव के नीचे पशुओं को बांधते थे और वहीं पर गांव के लोगों की दोपहरी कटती थी। बिजली के उपकरण जैसे जैसे बढ़ते चले गए वैसे वैसे ही गांव देहात के लोगों का रहन सहन और जीवन यापन का तौर तरीका ही बदलता चला गया।

### बर्फ को बोरी में डालकर तूड़ी में दबा देते थे

कोल्ड स्टोरेज व फ्रीज के आने से पहले खाने पीने की वस्तुओं के भंडारण का भी सिस्टम बदल गया। पहले ब्याह शादी में शहर से बर्फ की सिल्ली खरीदकर लाते थे तो उसको बोरी में डालकर तुड़ी में दबा दिया जाता था। जिससे बर्फ पिघलती नहीं थी।

### तूड़ी को सुरक्षित रखने के लिए भूसे से खेत में ही बना लेते थे कूप

अब तूड़ी को ज्यादातर लोग कमरों में भरकर रखते हैं। लेकिन पहले खेतों में तूड़ी रखने के लिए गेहूं की डालियों व भूसे आदि से लोग कूप बनाते थे। कूप बनाने में केवल श्रम लगता था। किसी भी प्रकार का खर्च इसको बनाने में नहीं लगता था। कूप में रखी गई तूड़ी गर्मी, सर्दी, बारिश व आंधी में सुरक्षित रहती थी। अब तूड़ी रखने के लिए बनाए जाने वाले कमरों पर लाखों रुपए खर्च होते हैं। पहले किसान गेहूं की तूड़ी के अलावा चने की भुरली, चने का खार, चने का न्यार और ग्वार का गूणा भी संभालकर रखते थे। कुछ इलाकों में तो आज भी इक्का दुक्का तूड़ी के कूप देखने को मिल जाते हैं।

### कागज को गलाकर बनाए ठाठियों में रखी जाती थी मिठाइयां

ब्याह शादी से कई दिन पहले घर की महिलाएं कागजों व गत्तों को इकट्ठा करके मिट्टी के घड़ों में डाल देती थी। उसके बाद इनमें पानी भर लिया जाता था। कागज गल जाने के बाद उनको मुलतानी मिट्टी मिलाकर मूसल के साथ उंखल में कूटा जाता था। जो कागज गलने के बाद गारा सी बनती थी, उससे महिलाएं बोहिए अथवा ठाठिए बनाती थी। उसके बाद मुल्तानी मिट्टी से उसकी लिपाई की जाती थी। महिलाएं इन बोहियों पर चित्रकारी करती थी। इन बर्तनों में मिठाइयां रखी जाती थी। इनमें रखी मिठाइयां खराब नहीं होती थी।



### तूड़ी में रखा जाता था प्याज

जब प्याज सस्ता होता था। तब उसको काफी मात्रा में खरीद लिया जाता था। उसके बाद उसको तूड़ी में रख दिया जाता था। तूड़ी में रखा गया प्याज महीनों तक खराब नहीं होता था। सालभर बाद भी प्याज ज्यों का त्यों रहता था।



### बालू रेत में रखे चने और मूंग नहीं होते थे खराब

चना व मूंग जैसी दलहन फसलों को खराब होने से बचाने के लिए लोग उनको बालू रेत में रखते थे। कई कई मण अनाज घरों में बालू रेत में पड़ा रहता था। यह अनाज लंबे समय तक बालू रेत में खराब नहीं होता था।

### महिलाएं बनाती थी गारा मिट्टी के कुठले

आज से तीस साल पहले तक महिलाएं गारा मिट्टी से छोटे बड़े कुठले बनाती थी। बड़े कुठलों में तो दो तीन मण तक गुड़ आ जाता था। कुठलों में रखा गया गुड़ चौमासे में भी खराब नहीं होता था। सभी तरह के मौसम बीत जाने के बाद भी सालभर गुड़ ज्यों का त्यों रहता था। इन कुठलों को ढंकने के लिए ढक्कन भी गारा से ही बनाया जाता था।

### घी को रखा जाता था मिट्टी के बर्तन (बारा) में

पहले ग्रामीण आंचल में बसने वाले अधिकतर लोग पशु पालते थे। कई घरों में तो कई कई दुधारू पशु होते थे। जिस वजह से बहुत घी स्टॉक करना पड़ता था। घी मिट्टी के पक्के बर्तनों में रखा जाता था। घी के बर्तन को बारा कहा जाता था। पहले घरों में घी के बारे भरे रहते थे।

### शहतूत की टहनियों से बने बोहिए में रखी जाती थी रोटियां

शहतूत की टहनियों को काटकर उनसे बोहिए, छाबड़े, छाबड़ी व पालने बनाए जाते थे। इन वस्तुओं में छिद्र होते थे, जिससे उनमें हवा भी पहुंचती थी। शहतूत से बनाए बोहिए में रेजे से बने छालने में लपेटकर रोटियां रख दी जाती थी। जो शाम तक भी खराब नहीं होती थी। कुछ लोग तो इन बोहियों में रखी रोटियों को दूसरे दिन भी खा लेते थे। जानवरों व पशुओं से बचाने के लिए इन बोहियों को मकान की छत पर रस्सी का छिक्का बनाकर उसमें रख दिया जाता था। बोहिया हवा में लटकता रहता था। सुबह एक बार महिलाएं रोटियां बनाकर बोहियों में रख देती थी, जिसको जब भी भूख लगती, तभी खा लेते थे। वे रोटियां स्वादिष्ट भी लगती थी। अब रोटियों को प्लास्टिक की परत लगे डिब्बो में रखा जाता है।



### बुखारियों में रखा जाता था अनाज

घर में चना, गेहूं, ग्वार, ज्वार आदि अनाज बुखारियों में रखा जाता था। घर में एक जगह पर ईंटों की छोटी दीवार बनाकर एक जगह बना ली जाती थी। जिसमें अनाज भर लिया जाता था। उसकी दीवारों की गाय के गोबर व मिट्टी से लिपाई पुताई कर दी जाती थी।

### मर्तबान में रखते थे अचार

अचार जहां अब प्लास्टिक के डिब्बों में रखा जाता है। वहीं पहले घरों में महिलाएं अचार को चीनी मिट्टी व कांच से बने अमृतबाण में रखती थी। अमर्तबाण में रखा गया अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और वह स्वादिष्ट रहता है। महिलाएं खुद अचार डाल लेती थी और उसको अमृत बाण में रख लेती थी। खेतों से शहद इकट्ठा करके भी लोग उसके कांच के बर्तन में रखते थे। कांच के बर्तन में शहद खराब नहीं होता।

---

रागनी | विश्वबंधु शर्मा



## क्यां की चिंता करता

पैदा सो ना पेद जगत मैं , जो ज्याम्यां सै वो मरता है ।
केवल कर्म हाथ मैं तेरै , तूँ क्यां की चिंता करता है ।। टेक ।।
सातदिनां मैं मरणा निश्चित , फेर क्यूँ मृत्यु तैं डरता है ।
रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र , वोह नाम शनि का धरता है ।
दोष अपणे पै लेता न वो , वो त्यार बहाना करता है ।
बहाने बिन न मोत किसे की , इत कर्मा का फल भरता है ।
अगले पिछले कट्ठे होज्यां , तूँ नाम मोतका धरता है ।
सब के हित मैं काम करै तूँ , तूँ अपणा हित ना करता है ।
काम क्रोध लोभ मोह मद मैं , नासमझ डूब केंमरता है ।
अकल आपणी बाध लागती , यकीन किसी पै न करता है ।
श्रद्धा विश्वास नहीं मन मैं, ना माधव मन तैं भजता है ।
माया ममता मैं घिर बैठा , कट खाणी से ना डरता है।
तूँ दीन बन्धु हरि ना भजता , मकड़ी ज्यूँ जाळे घिरता है ।
तूँ चरण शीश कदे न धरता , तूँ अकड़ा अकड़ा फिरता है ।
दोष नसादे पाप मिटा दे , वो सबका पेटा भरता है ।
थावस राख थोड़ी सी मन मैं , तूँ बेसबरी क्यूँ करता है ।
वो न्यायधीश न्यारा जग मैं ,बिन पासंग नरजा धरता है।
ग्रीवा काट गज नै बचावै , उद्धार अहल्या करता है ।
सुग्रीव बिचारा लाचारी , वो बाली का वध करताहै ।
बाणासुर की कन्या ठाले , शिव ध्वजा जमी पै धरता है ।
बनवारी ताकत का दाता , बन्धु शक्ति सब मैं भरता है ।
सब कुछ त्यार करै नर तेरा ,क्यूँ फिकर गात मैं करता है ।

गजल | किरण यादव



कौन आया दरमियाँ
जो हैं इतनी चुप्पियाँ

क्यूँ हमारे बीच में
आईं इतनी दूरियाँ

कैसे बतलाएँ तुम्हें
कितनी हैं मजबूरियाँ

कैसे भर पाएँगे हम
बीच की ये खाइयाँ

ज़हन में चुभने लगीं
जाने कितनी किर्चियाँ

गीत | शकुन्तला काजल 'शकुन'



## खूँटे नै भैंस पड़ाएं

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।

कर ले याद पुराणे दिना नै, जब कॉलेज मैं जाया करता।
उचक- उचक सब देखा करते, बिन गिनती दंड लगाया करता,
इब प्यारे तूं जावै फैलता,
गिरड़ी-सी गिरड़ाए जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

जब-जब बात करूँ फिटनेस की, ऐकै बात सुनावै तू,
ब्याह होना था हो लिया , मत सिर पै चढ़ती आवै तू।
देख गली के मारैं सीट्टी, सर्कस का जोकर बताएं जा...
ओ जुल्मी तेरा देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

करूँ रंग की बात नहीं, म्हारा ईश्वर भी तो सै काला।
तेरे रूप पै बेहमाता नै, कर राख्या सै कति चाला ।।
मल- मल लावै तेल जले तूं, नहाणा रोज डिगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।


पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

श्रद्धा | बाबा रामरूप में कस्बे सहित देश विदेश के लोगों की आस्था

# दादू नगरी के नाम से पहचाना जाता है बवानी खेड़ा



**मेला**

**बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है**

**खेल**

**मेले के दौरान लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता भी करवाई जाती है**

किसान | दीपक कुमार डुमड़ा

भिवानी जिले के बवानी खेड़ा में बाबा रामरूप के डेरे में लोगों के गहरी आस्था व श्रद्धा है। श्रद्धा के प्रतीक बाबा रामरूप के जन्मोत्सव के अवसर बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। बाबा रामरूप की कस्बे के ही नहीं अपितु देश के अलग अलग हिस्सों के लोगों में भी काफी मान्यता है। बसंत पंचमी वाले दिन बाबा कि पूजा अर्चना करने के लिए मुम्बई, चेन्नई, कोलकता, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उतरप्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों से लोग पहुंचते हैं। कस्बे के लोगों के अनुसार जो कोई भी श्रद्धालु बाबा की सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है बाबा उसकी हर तमन्ना तो पूरी करते ही हैं साथ साथ उनके परिवार का संकट भी हर लेते हैं। डेरा महंत बाबा गुमानदास की माने तो मेले के दौरान बाबा रामरूप का डेरा भव्य तरीके से सजाया जाता है और भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। इसके इलावा लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है।



### कौन थे महंत गुमानदास

बाबा रामरूप डेरे के महंत गुमानदास ने बताया कि बाबा की मान्यता व जीवन के बारे में बताया कि सिद्ध श्री योगीराज बाबा रामरूप महाराज दादूपंथी का जन्म महेन्द्रगढ़ जिले के सीहा गा्रम में बसंत पंचमी के दिन विक्रमी सम्वत 1866 को गौड ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये दो भाई थे । इनका पूर्व नाम रामसुख था और छोटे भाई का नाम श्यामसुख था। एक बहन थी जिसका नाम फूलवती था। रामसुख छोटी अवस्था में ही विरक्त हो गए थे।

### कैसे जागी भावना

समाजसेवी सुभाष शर्मा, की मानें तो वे सुनते आए हैं कि 20 वर्ष की आयु होने पर रामसुख के हृदय में भावना उठी कि किसी उच्च कोटि के संत से दीक्षा लेकर जन्म को सफल बनाया जाए। वे बाबा मुंगीपा के दर्शन के लिए आ गए । तीन दिन भूखा प्यासा रहने पर भी जब मुंगीपा ने दर्शन नहीं दिए तो रामसुख ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की सोची। तब बाबा मुंगीपा को दर्शन देने पड़े।

### कैसे बने महात्मा

रामरूप गुरु जी आशीर्वाद से भगवद् भजन में इतने लीन हो गए कि परम सिद्ध महात्मा बन गए और अपनी योग माया से चमत्कारिक कार्य करने लगे। जैसे अंग्रेजों द्वारा तोप लाए जाने पर बवानी खेड़ा की रक्षा करना, नटनी की रक्षा करना, योग माया से चोरी जानना, गुरु की भिक्षा मांगना छुड़वाना, जमीन के नीचे मीठा पानी व ईंटों को बताना, गेहूं लाने वाले की चालाकी जानना, हजारी सेठ की पुत्री का मान सम्मान से विवाह करवाना, धन राशि दिखाना, गोपीचन्द व भ्रतृहरि का दर्शन देना, दो स्थानों में एक समय दर्शन देना, बवानी खेड़ा व सिंहा ग्राम में मंदिर बनवाना आदि अलौकिक कार्य बाबा रामरूप महाराज ने किए। अंत में जयपुर के बिहारी बाग में विक्रमी सम्वत 1934 को बाबा ब्रह्मलीन हो गए।

---

# युवाओं को अभिनय सिखाकर पहचान दिला रहे हरिकेश पंघाल

◆ बेजोड़ लेखक व कलाकार के रूप में कमाया नाम ◆ तीन दशक से संस्कृति का करते आ रहे संवर्धन ◆ सकारात्मक विचारधारा से जोड़ युवाओं में भर रहे संस्कार

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की लोककला एवं संस्कृति के क्षेत्र एक से बढ़कर एक कलाकार दिए हैं। ऐसे ही कलाकारों में डा. हरिकेश पंघाल हैं, जिन्होंने नाटक, कविता और लघु फिल्मों की पटकथा लिखने के साथ ही अभिनय के क्षेत्र में भी एक अभिनेता और रंगकर्मी में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। वहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मंच पर अभिनेता जैसे कलाकारों की पहचान दिलाई है। थिएटर डांस और साहित्यिक क्षेत्र में पिछले तीन दशक से संस्कृति का संवर्धन करते आ रहे पंघाल अभी तक 50 से अधिक नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं। प्रसिद्ध रंगकर्मी, अभिनेता, कवि एवं लेखक डा. हरिकेश पंघाल ने अपने साहित्यिक एवं कला के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को साझा किया है, जिससे कहा जा सकता है कि वह अपनी कला के माध्यम से समाज को सकारात्मक विचारधारा से जोड़कर संस्कृति और युवाओं को संस्कार की राह दिखाने में जुटे हैं।

हरियाणा के भिवानी जिले के गांव खरखड़ी माखवान में चौधरी जगबीर सिंह व श्रीमती वीना रानी के घर में 03 जुलाई 1974 को जन्में कलाकार हरिकेश पंघाल के परिवार की पृष्ठभूमि राजनीतिक रही है। उनके पिता चौधरी जंगबीर सिंह भिवानी संसदीय क्षेत्र से 1991 से 1996 तक सांसद रहे। उन्होंने हरियाणा निर्माण के बाद हुए पहले चुनाव में तोशाम विधानसभा से चौ. बंसीलाल के खिलाफ चार बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। उनके बड़े भाई कमल सिंह प्रधान भी राजनीति में सक्रिय रहे। इसके बावजूद हरिकेश पंघाल का रुझान बचपन से ही कला क्षेत्र में रहा। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के दौरान भिवानी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के कार्यक्रमों में लघु नाटिका कविताएं और भाषण में हिस्सा लिया। इसके वे वैश्य महाविद्यालय भिवानी से स्नातक करने के दौरान रंगमंच की कला से जुड़ गए, जिसका नतीजा ये रहा कि वे युवा समारोहों में 6 बार सर्वोत्तम अभिनेता चुने गए। उनकी इस कला का आरंभ में परिजनों का विरोध भी झेलना पड़ा, लेकिन उनकी अभिरुचि पारिवारिक माहौल से अलग पहचान बनाती गई, तो परिवार ने भी प्रोत्साहन दिया।



### पत्नी बनी प्रेरणा

बकौल डा. हरिकेश पंघाल उनकी पत्नी भी उनकी कला के प्रसार में प्रेरणा साबित हुई। उन्होंने मनोविज्ञान और हिन्दी एवं जनसंचार में एमए, एलएलबी के अलावा पीएच.डी की उच्च शिक्षा हासिल की है। वर्तमान में वैश्य महाविद्यालय में मनोविज्ञान प्राध्यापक के रुप में कार्यरत डा. हरिकेश पंघाल ने बताया कि 1997 में हरियाणवी कविता को भी युवा समारोह में शामिल किया गया तो उन्होंने भी स्वरचित कविता सुनाई, जिसे प्रथम स्थान मिला। इससे उनका आत्मविश्वास ऐसा बढ़ा कि कई सालों तक उनकी वह कविता युवा समारोह में अव्वल रही। इसके बाद उन्होंने कविताएं लिखना शुरु कर दिया, जिसमें कई ऐसी कविताएं रही जो बड़े बड़े मंच पर प्रसिद्ध हुई। कला जगत में शुरुआती दौर में दर्शकों को उनकी रचनाएं बहुत पसंद आई, लेकिन उन्होंने ऐसी रचनाओं को अश्लीता की परिधि में महसूस किया तो उसके बाद उन्होंने संकल्प लिया किया कि वे ऐसी रचना और नाटकों की प्रस्तुति करेंगे, जिन्हें परिवार के लोग एक साथ देख या सुन सकें। कई बार ओटीटी एप के कार्यक्रमों और हरियाणवी एल्बम और फिल्मों के लिए भी गाने लिखने का ऑफर मिला, लेकिन हरबार उन्होंने वह सबकुछ लिखने से इंकार कर दिया, जो उसके संकल्प के बाहर था। इसलिए उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और समाज में फैली कुरीतियों को उजागर किया है। डा. हरिकेश दो भक्ति शब्दों पुस्तकें भी लिखी। उन्होंने 15 हरियाणवी नाटक, हरियाणवी और हिंदी में 100 से अधिक कविताओं के लेखन किया।

### सम्मान व पुरस्कार

सुप्रसिद्ध कलाकार, कवि व लेखक डा. हरिकेश पंघाल को साहित्य, कला और अभिनय के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए हिमाचल के राज्यपाल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, त्रिवेणी, नटराज कला मंच सहित कई संस्थाओं व मंचों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा हिंदी और संस्कृत एकांकी नाटकों में 80 शिष्यों को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिल चुका है। उनके कई छात्र बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म की विभिन्न फिल्मों में काम कर रहे हैं, जो उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं है।

### गुरु मंत्र से अनेक युवा बने कलाकार

हरिकेश पंघाल का ध्येय कभी फिल्म जगत के परदे पर आना नहीं रहा। इसका मकसद यही था कि वह अपनी कला में कविताओं और साहित्य लेखन के माध्यम से हमेशा पथभ्रष्ट होते समाज खासकर युवा पीढ़ी को सही राह की और आकर्षित किया जाए। यही नहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को जोड़कर गुरु-शिष्य परंपरा को भी गति देने पर बल दिया। इसका सकारात्मक परिणाम ये है कि आज उनसे जुड़े अनेक युवा एक कलाकार के रूप मंचों पर बेहतरीन कला का प्रदर्शन करके सामाजिक उत्थान में अपना योगदान देकर अपने परिवार, राज्य व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कमल आनंद, नवीन कुमार, अनूप कुमार, शीतल, राज सिंह, जनार्धन, सोनल शर्मा, दिशिका, राजेश राठौर, साहिल अपूर्व और अमिता आदि ऐसे शिष्य कलाकार हैं, जिन्होंने कई दर्जन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के खिताब हासिल कर लिये हैं। जबकि डा. हरिकेश से अभिनय के गुर सीखकर एकता जागड़ा, उमा शैखावत, भावना, निशा, सुनीता, प्रदीप कुमार, प्रशांत, पवन कुमार, अमित कुमार आदि ने कला के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 59 पव्वे देशी मार्का सहित महिला काबू

**मंडी अटेली।** पुलिस ने शराब की अवैध तस्करी पर शिकंजा कसते हुए एक महिला को 59 पव्वे देशी मार्का सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव बिहाली बाला अपने घर के बराबर में प्लाट में ईंधन सफेद प्लास्टिक की पीपी व देशी मार्का शराब रखकर बच रही थी। पुलिस ने महिला को शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

### रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 26 मार्च को कई लोगों के खिलाफ रास्ता रोककर मारपीट करने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने एक आरोपी तरुण निवासी कनुका को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट के आरोप में कई लोगों पर केस

**रेवाड़ी।** रणवीर हुड्डा चौक के पास चाय की रेहड़ी पर खड़े तीन लोगों से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में कमालपुर निवासी मोहनलाल ने बताया कि वह और उसका भतीजा मोहित चाय की रेहड़ी पर खड़े थे। उसका साला मंजीत भी मोहित के साथ आया था।

### लड़की से मिलने के लिए गया युवक लापता

**रेवाड़ी।** हंस नगर में रहने वाला एक युवक अपनी दोस्त से मिलने के लिए घर से जाने के बाद लापता हो गया। बिहार निवासी शहनाज खातुन ने बताया कि उसका बेटा दिलशाज 20 जनवरी को पत्थरघटी में एक लड़की से मिलने के लिए गया था।

## पुलिस अभियान : अलग-अलग मामलों में 25 आरोपी गिरफ्तार

# गलत लेन में वाहन चलाने वाले 334 के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस महानिदेशक के आदेश पर ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाया गया। स्पेशल अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने जिले में 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया। स्पेशल अभियान के लिए पुलिस कप्तान के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा व थाना/चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया था। जिसमें पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में शामिल 25 आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

सर्च अभियान के लिए पुलिस की 30 टीमों का गठन किया गया। जिनमें करीब 150 पुलिस कर्मी शामिल हुए। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध शराब का कारोबार, नशीले पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई की और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान की गई। इसके साथ ही झुग्गी-झोपड़ियों में भी सर्च अभियान चलाया गया और वाहनों के कागजात तथा पहचान पत्र जांचे गए। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कुल 12 मामले दर्ज किए गए और 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया। जिनमें आठ मामले आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए, जिनमें छह आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लीटर अवैध शराब, 41 बोतल व 85 पव्वे देसी शराब, 26 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को नशीले पदाथरें का कारोबार करने के मामलों में पकड़ा, जिनसे 278 ग्राम गांजा व 2.06 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपितों के खिलाफ आबकारी व एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई अमल में लाई गई।


**नारनौल।** ऑप्रेशन आक्रमण के दौरान अवैध शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध खनन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई

इस दौरान पुलिस ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन करने वाले छळ ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज करवाया। इसके साथ ही पुलिस ने यातायात नियमों की पालना करने हेतु अभियान चलाया। इस दौरान गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 334 के चालान काटे गए। एसपी ने बताया कि समय-समय पर जिले में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु दिखाई दे या किसी व्यक्ति की ओर से नशीले पदाथरें का व्यापार करने के बारे में सूचना मिले तो तुरंत इसकी सूचना डायल 112 या अपने संबंधित पुलिस थाना/चौकी में तुरंत दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

# बीआर स्कूल में विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बीआर स्कूल सेहलंग में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्यातिथि, उपसंचालक कृष्ण भारद्वाज विशिष्ठ अतिथि व प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ ने अध्यक्षता की।

शैक्षणिक उत्कृष्ठ श्रेणी में विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तीसरी से सोनम, भावना ने प्रथम, कक्षा चौथी से राखी, कल्प, हार्शिका ने प्रथम, कक्षा पांचवीं से खुशी, हिमांशु, मानवी ने प्रथम, कक्षा छठी से रोहन, ईशा, हेमंत ने प्रथम, कक्षा सातवीं से हर्षिता, दीपांशु ने प्रथम, कक्षा आठवीं से दिव्या, मानवी, पलक ने प्रथम, कक्षा नौवीं से प्राची, सुमित, चंचल ने प्रथम, कक्षा 11वीं से प्रिंस, तमन्ना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से अक्षित, आस्था, कक्षा चौथी से रीया, अनन्या, आर्यनवीर, कक्षा पांचवी से वंदना, दीया, विनीत, कक्षा छठी से गुंजन, भावना, मानसी, कक्षा सातवीं से महक, अर्जुन, कक्षा आठवीं से दीया, गजेंद्र, नीतू, कक्षा नौवीं से वशिष्ठा, मुस्कान, रेणुका, कक्षा 11वीं से तमन्ना, शगुन ने द्वितीय स्थान पर रही।

## विद्या भारती स्कूल निजामपुर का परीक्षा परिणाम घोषित




**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर विद्यालय में आयोजित गणित व साइंस ओलम्पियाड का परिणाम भी घोषित किया गया। जिसमें कक्षा चौथी में आराध्या पुत्री सुरेंद्र तलोट, कक्षा पांचवीं में तेजस्वी पुत्री सत्यनारायण गोयल बसई, कक्षा छठी में वंशिका पुत्री जितेंद्र गांवड़ी जाट व चेतना पुत्री दिलबाग छिलरो, कक्षा सातवीं में भास्कर पुत्र प्रवीण छिलरो, कक्षा आठवीं में गौरव पुत्र रिषी कुमार बिगोपुर विजेता रहे। विजेता प्रतिभागियों व वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान पर रहे विद्यार्थियों को संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।



### बिजली कर्मचारी सेवानिवृत्त

**कनीना।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सब डिवीजन कार्यालय में फोरमैन के पद पर कार्यरत कृष्ण सीहा 37 वर्ष की सेवा के सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी उमेश वर्मा थे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है। कृष्ण कुमार ने जिस प्रकार अपनी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य किया उसे सदैव याद रखा जाएगा। इस मौके पर निगम के कर्मचारी रामरतन शर्मा, चुन्नीराम, शंकरलाल, हवासिंह, नरेश यादव, विकास जांगड़ा, सुरेश फोरमैन, मनीष, हरीश, अजीत, अंकित, सज्जन सिंह, राजेंद्र सिंह ने स्मृति चिह्न प्रदान कर भावभीनी विदाई दी।

# भारत विविधताओं वाला देश : डॉ. पवित्रा राव

■ आरपीएस में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



आरपीएस विद्यालय के प्राथमिक विभाग में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। उत्सव का समापन अनेकता में एकता थीम पर आधारित रहा। समापन समारोह का शुभारंभ संस्था की, चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा। संस्था सीईओ इंजी. मनीष राव ने बच्चों को वार्षिक उत्सव पर बधाई देते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया तथा उपस्थित अभिभावकों को भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संस्था का सहयोग करने का आह्वान किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है यहां अनेक धर्म व जातियों के लोग परस्पर मिलजुल कर रहते हैं। भारतीय संस्कृति सभी को एकता के सूत्र में पिरोए रखती है। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को देश की सेवा व सुरक्षा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मेहमानों व अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा बच्चों की प्रतिभाओं को खूब सराहा।

### अनेकता में एकता का संदेश

वार्षिक उत्सव के समापन समारोह के दौरान विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अनेकता में एकता का संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न भाषाओं में देश की संस्कृति को प्रकट करते हुए कार्यक्रम के दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, कालबेलिया नृत्य, बिहू नृत्य, मराठी नृत्य, गुजराती नृत्य, डांडिया नृत्य सहित अन्य शानदार प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर दर्शक प्रफुल्लित रहे।

## स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित



**महेंद्रगढ़।** बीजेआरडी स्कूल में रविवार को स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों ने परीक्षा दी है। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर बच्चों का मनोरंजन किया। विद्यालय निदेशक राजपाल यादव ने कहा कि स्कॉलरशिप परीक्षा का मुख्य उद्देश्य यही है कि समाज का कोई भी बच्चा फीस के अभाव में शिक्षा से वंचित ना रहे। आज की इस स्कॉलरशिप परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल फीस में 100 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर स्कूल फीस में मिली छूट बच्चे को जब तक मिलती रहेगी, जब तक वह इस विद्यालय में पढ़ेगा। निदेशक ने बताया कि इस सत्र में विद्यालय द्वारा शहीद के बच्चों व होनहार बच्चे जो पढ़ाई में तो होशियार है पर माता-पिता स्कूल फीस देने में असमर्थ है, साथ ही जिस माता-पिता के केवल बेटियां हैं, उनको भी फीस में विशेष छूट दी जाएगी।

# शिक्षक नरेश को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** नरेश शास्त्री को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय माध्यमिक विद्यालय धरसूं में कार्यरत संस्कृत टीचर नरेश कुमार शास्त्री शिक्षा विभाग को करीब 28 साल तक सेवाएं समर्पित करने उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में स्कूल में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव थे। डीईओ सुनील दत्त यादव ने कहा कि नरेश कुमार ने शिक्षण कार्य पूरे समर्पण भाव से किया और सदा मेनहती एवं कर्मठ रहे। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक ही शिक्षा रूपी दीपक जलाकर अंधकार रूपी अज्ञानता के अंधेरे को मिटा सकता है और इस कार्य में नरेश कुमार ने पूरा योगदान दिया, जिसके लिए उनके पढ़ाई हुए बच्चे उन्हें सदैव याद रखेंगे। बता दें कि नरेश कुमार ने 23 नवंबर 1995 को बतौर जेबीटी अध्यापक अपनी सरकारी सेवाएं शुरू की थी और वह सन 2000 में संस्कृत अध्यापक पद पर पदौन्नत हुए। उन्होंने नांगलकाठा, चिंडालिया एवं धरसूं स्कूल में अपना ज्यादातर कार्यकाल बिताया और अब सेवानिवृत्त हुए हैं।

# तलवाना स्कूल के मुख्य शिक्षक सतवीर सेवानिवृत्त



**कनीना।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय तलवाना में कार्यरत मौलिक मुख्य सतवीर सिंह उन्हाणी करीब 26 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्टॉफ ने स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। क्लस्टर हेड दीपक कुमार लाटा ने कहा कि सतवीर सिंह ने जिस जिम्मेवारी व निष्ठा से अध्यापन कार्य किया, उसका सदैव अनुसरण किया जाएगा। उन्होंने सतवीर सिंह की दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी। इस मौके पर एबीआरसी देवेंद्र सिंह, रामनिवास आदि मौजूद थे।

# प्राचार्य विष्णु प्रकाश जोशी 34 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त




**महेंद्रगढ़।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाथेडा के प्राचार्य विष्णु प्रकाश जोशी अपनी 34 वर्ष की सेवा पूर्ण करके सेवानिवृत हुए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक महत्वपूर्ण समय होता है। प्राचार्य जोशी ने विद्यार्थी जीवन में ही अपनी नौकरी प्राप्त कर ली थी। इन्होंने शिक्षक तथा विद्यार्थियों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण भाग माना है। इनकी ईमानदारी अद्वितीय व्यक्तित्व, विचार तथा प्रतिभा के धनी रहे हैं। इनका व्यक्तित्व बहुत ही आकर्षक तथा उच्च कोटि कर रहा है। इन्होंने शिक्षा के साथ-साथ समाज के लिए प्रशंसनीय कार्य किए हैं। इस मौके पर एसएमसी प्रधान पंकज, डॉ. अशोक, बीआरसी राजेश दुआ, सुरेश, ओमकार, राजेश दहिया, राजबाला, डिंपल भांडोरिया, डॉ. मुनेश यादव व राजू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ।

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में नर्सरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एनुअल प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन समारोह व ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्था के निर्देशक पुष्करमल वर्मा व प्रबंधन कमेटी से निधि वर्मा थी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने वेलकम यू गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया।

इस समारोह में विद्यार्थियों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बम बम भोले, छोटे-छोटे तमाशे व लोरी-लोरी गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद मुख्य अतिथि पुष्करमल वर्मा व निधि वर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तीसरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक, बच्चों के मातापिता व विद्यार्थी शामिल हुए। इस बैठक में अभिभावकों ने अपने बच्चों की रिपोर्ट व पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली।

# राधाकृष्ण संगठन ने निकाली प्रभात फेरी

■ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने राधा नाम कीर्तन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** शहर में प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 63वीं प्रभात फेरी निकाली गई। जिसके मुख्य यजमान प्रदीप चंद संघी प्रवक्ता थे। प्रभात फेरी में पूरे संघी परिवार के साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने राधा नाम कीर्तन किया। जिसका शुभारंभ छोटा तालाब शिवालय मंदिर से हुआ, जो गणेश मंदिर फालसा मोहल्ला से होकर राधाकृष्ण पार्क के पास से होते हुए वृंदावन कॉलोनी की परिक्रमा कर छोटा तालाब पर सम्पन्न हुई। परिक्रमा के दौरान जगह-जगह पर लोगों ने अपने निवास स्थान पर ठाकुर जी की आरती की व प्रसाद वितरित किया।

# नरम नहीं पड़े गर्मी के तेवर आज फिर मौसम में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



मौसम में बार-बार बदलाव के कारण किसानों ने गेहूं कटाई का कार्य तेज किया हुआ है। कई गांवों में तीन दिन पूर्व हुई ओलावृष्टि के बाद आसमान में छाने वाले बादल किसानों की चिंता बढ़ा रहे हैं। ओलावृष्टि के बाद रात के तापमान में मामूली कमी आई है, लेकिन दिन का तापमान स्थिर बना रहा। अप्रैल माह के पहले दिन मौसम एक बार फिर से बदल सकता है। इस दौरान आसमान में बादल छाने के बाद बूंदाबांदी और ओलावृष्टि की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 19 पर आ गया। दिन में मौसम बार-बार बदलता रहा। कभी आसमान में बादल छाए तो कभी सूरज की तपिश ने लोगों के पसीने छुड़ाए। शाम के समय बादल गहराने शुरू हो गए। बार-बार बदलते मौसम को देखते हुए किसानों ने गेहूं कटाई का कार्य तेज किया हुआ है। कई किसान समय से पूर्व गेहूं की कटाई कर रहे हैं।

## ठाकुर जी की पूजा-अर्चना कर प्रभात फेरी निकाली

# होली खेल रहे नंदलाल, ब्रज की गलियों में ...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** शहर में प्रभात फेरी निकालते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 72वीं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य यजमान शंकरलाल मित्तल थे। सर्वप्रथम ठाकुर जी की पूजा-अर्चना कर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया। प्रभात फेरी संगठन के संयोजक घनश्याम गर्ग के नेतृत्व में निकाली गई। इस अवसर पर प्रभात फेरी संगठन के सदसय संजय गोयल ने घनश्याम तेरी मुरली पागल कर जाती है, धमाल आज ब्रज में होली रे रसिया, रंग मत डाले रे सावरिय महारो गुजर मारे रे, होली खेल रहे नंदलाल ब्रज की गलियों में आदि भजनों के माधयम से उपस्थित महिला व पुरुषों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रभात फेरी अग्रसेन चौक से होते हुए नलापुर चौक, पुलिस लाइन, शहर थाना होते हुए शुभारंभ स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्य सुनील मराठा ने बताया कि गौमाता की सेवा करने से इंसान के सभी विकार दूर होते हैं और उसके जीवन में आई हुई बाधाएं गौमाता हर लेती है। प्रभात फेरी के दौरान राधे रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा व अनेक स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। संगठन के वरिष्ठ सदस्य नवीन जैन ने कहा कि राधा नाम लेने से मनुष्य कर्म बंधन से मुक्त होकर भगवान के परमधाम को प्राप्त करता है। प्रभात फेरी में चेतन जिंदल, अनिल, पवन कुमार गुप्ता, संजय गोयल, जोगिंद्र अग्रवाल, सुभाष गर्ग, भूपेश संघी, सोनू, सुनील मराठा, राजीव पटीकरा, सोमदेव शर्मा, ओमप्रकाश नागर, सुरेश, रविंद्र फौजी, ओमप्रकाश आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर एमआर लांबा रविवार को लगभग 35 वर्ष की सरकारी सेवा कर सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन्हें फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर विदाई दी। वक्ताओं ने प्राचार्य मेजर एमआर लांबा को योग्य और अनुभवी शिक्षक एवं कुशल प्रशासक बताते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी नारायाण ने कहा कि प्राचार्य मेजर एमआर लांबा का विदाई समारोह एक ऐतिहासिक और गौरवशाली पल है। उनका योगदान महेंद्रगढ़ के शैक्षिक क्षेत्र में एक स्थायी चिह्न बन गया है, जिसकी सराहना और स्मरण हमेशा हमारे दिलों में बसी रहेगी।

### बेरी निवासी 94 वर्षीय शांति देवी का निधन

**महेंद्रगढ़।** गांव बेरी निवासी 94 वर्षीय शांति देवी पत्नी स्वर्गीय



चंदगी राम का निधन हो गया है। उनके पैतृक गांव बेरी में लोगों ने पहुंच करके उन्हें अंतिम विदाई दी। शांति देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई, जिसमें उनके तीन पुत्र, एक पुत्री और पोता- पोतियां हैं। परिवार में सुख समृद्धि की बहार है। इनके पति आर्मी में थे वहीं इनके बड़े बेटे रेलवे और दोनों छोटे बेटे बैंक मैनेजर हैं।


### 14 को मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

**कनीना।** कनीना में डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बारे में रविवार को कनीना धर्मशाला में आयोजित बैठक में डा. भीमराव आंबेडकर जन जागरण समिति एवं प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया।

# पाइप लाइन से 12 गांवों के 14 जोहड़ों में पहुंचाया जाएगा नहरी पानी

■ सभी कागजी कार्रवाई पूरी, जल्द शुरू होगा पाइप लाइन बिछाने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सिंचाई विभाग भवन। फोटो : हरिभूमि

लगातार गिरते भू-जल स्तर में सुधार लाने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से अटल भूजल योजना के तहत 12 गांवों में पाइपलाईन के माध्यम से 14 जोहड़ों को रिचार्ज किया जाएगा। सिंचाई विभाग की ओर से गांव माजरा कलां, पाथेड़ा, मालड़ा, पालड़ी पनिहारा, मेघनवास, आकोदा, डुलाना, पड़तल, बुचौली, इसराना, रसुलपुर गांव के जोहड़ में नहरी पानी पहुंचाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अटल भूजल योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य गिरते भूजल की समस्या को दूर कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। इस योजना में जिला महेंद्रगढ़ को भी शामिल किया गया था। जिले के घटते भू-जल स्तर को रोकने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा द्वारा ग्राम पंचायतों को जागरूक किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा हैं। इसके तहत विभिन्न गांवों के जोहड़ों को नहरों से जोड़ा जा रहा हैं। महेंद्रगढ़ जिले के 186 गांवों में जोहड़ हैं। महेंद्रगढ़ खड़ में 70 जोहड़ है। करीब 75 प्रतिशत गांवों में अटल भू जल योजना के तहत पानी पहुंचाया जा चुका है।

### इन गांवों के जोहड़ में पहुंचाया जाएगा नहरी पानी

गांव झूक की नहर से 3.17 किलोमीटर पाईपलाइन बिछाकर 1391798 रुपये की लागत से गांव माजरा कलां के जोहड़ में पानी पहुंचाया जाएगा। गांव पाथेड़ा के जोहड़ में पाथेड़ा नहर से 3.6 किलोमीटर की पाईपलाइन बिछाकर 1938797 रुपये की लागत से पानी पहुंचाया जाएगा। गांव मालड़ा के जोहड़ में लावन नहर से 3.6 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाकर 746616 रुपये की लागत से पानी पहुंचाया जाएगा। गांव पाथेड़ा के जोहड़ में पाथेड़ा नहर से 1362876 रुपये की लागत से 2.8 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाकर पानी पहुंचाया जाएगा। गांव पालड़ी पनिहारा के जोहड़ में महेंद्रगढ़ कैनाल से 7.9 किलोमीटर की पाइपलाईन बिछाकर 1679729 रुपये की लागत से पानी पहुंचाया जाएगा। गांव पाथेड़ा के जोहड़ में 506112 रुपये की लागत से 3.4 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा। गांव डुलाना के जोहड़ में 1.33 किलोमीटर पाइपलाईन के माध्यम से बुचौली नहर से पानी पहुंचाया जाएगा। गांव पड़तल के जोहड़ में रामबास नहर से 1997071 रुपये की लागत से 8.7 किलोमीटर पाइपलाईन बिछाकर पानी पहुंचाया जाएगा। गांव बुचौली के जोहड़ में बुचौली नहर से 3 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाकर 2705507 रुपये की लागत से पानी पहुंचाया जाएगा। गांव इसराना के जोहड़ में 1779905 रुपये की लागत से नांगल नहर से 10.7 किलोमीटर की पाइपलाइन से पानी पहुंचाया जाएगा। गांव रसूलपर के जोहड़ में 853371 रुपये की लागत से नांगल नहर से 5.3 किलोमीटर की पाइपलाईन बिछाकर पानी पहुंचाया जाएगा।

### जाट सभा के नवनियुक्त प्रधान से संभाला कार्यभार

**नांगल चौधरी।** बहरोड़ रोड पर स्थित जाट धर्मशाला में समाज की बैठक पूर्व सरपंच हरफूल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें समाज के नवनियुक्त प्रधान जोगेंद्र छिल्लर ने कार्यभार संभालने के बाद पदाधिकारियों को जिम्मेवारियों सौंपी। इस दौरान समाज में फैली कुरीतियां व नशाखोरी मिटाने पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सबसे छोटी इकाई समाज होती है, लेकिन देश की मजबूती और विकास में समाज का सर्वाधिक योगदान होता है। इसलिए विभिन्न समाज व संगठनों का जागरूक होना चाहिए। तर्क दिया कि समाज की एकता में नशाखोरी व दहेज प्रथा सबसे बड़ी रूकावट है। खात्में के लिए युवा वर्ग को अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर जिम्मेवारी निभानी होगी।

## सीएम फ्लाइंग व आबकारी विभाग ने तीन होटलों में दी दबिश

# होटलों में अवैध तरीके से परोसी जा रही थी शराब, मालिकों पर केस दर्ज

■ बिना लाइसेंस व परमिट लिए अहाते चलाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। टीम द्वारा इस होटल पर की गई कार्रवाई।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व आबकारी विभाग की संयुक्त ने शनिवार देर शाम महेंद्रगढ़ क्षेत्र के तीन अलग-अलग होटलों में रेड की है। रेड के दौरान होटलों में लोग अवैध रूप से शराब का सेवन कर रहे थे। पुलिस ने तीनों होटल मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम को लगातार सूचना मिल रही थी महेंद्रगढ़ क्षेत्र के होटलों में बिना लाइसेंस व परमिट लिए अवैध रूप से शराब परोसी जा रही है। इस सूचना पर टीम का गठन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की ओर से एएसआई मनोज कुमार, आबकारी विभाग से निरीक्षक दिनेश कुमार व गुप्तचर विभाग की टीम को शामिल किया गया।

### इन होटलों पर दी दबिश

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम कनीना रोड पर स्थित अजीत कैफे पर पहुंची। इस दौरान कैफे के काउंटर पर एक व्यक्ति बैठा मिला, जिसने अपना नाम देवेंद्र यादव गांव कुलहाटा जिला मधुबनी (बिहार) बताया। देवेंद्र ने बताया की यह होटल अजीत निवासी गांव सिसोठ का है।

अजीत करीब एक साल से यह होटल चला रहा है। देवेंद्र को साथ लेकर होटल का निरीक्षण किया तो तीन शेड के चार कमरे, एक पक्का कमरा व बाहर खुले में कुर्सियां व टेबल मिली। कुर्सी पर बैठकर 12-13 लोग शराब का सेवन कर रहे थे। टीम ने अजीत संचालक द्वारा कैफे में लोगों को बैठाकर शराब का सेवन करवाने पर अवैध रुप से आहता संचालन किया गया है। जिसके कारण हरियाणा आबकारी नीति का उलंघन होना पाया गया है। इसके बाद टीम ने गांव सिसोठ के मेन बस अड्डे के पास अशोका होटल एवं चिकन कार्नर पहुंची। होटल के काउंटर पर अशोक वासी सिसोठ बैठा मिला।

टीम ने अशोक को साथ लेकर होटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल में तीन मेज व करीब 15 कुर्सियां डली हुई मिली। जिस पर करीब चार-पांच आदमी बैठकर शराब पी रहे थे व अहाता मालिक द्वारा चखना परोसा जा रहा था। होटल मालिक अशोक से अहाता चलाने से संबधित कोई परमिट-लाईसेंस पेश नही कर सका। जिसने बिना लाईसेंस-परमिट के अहाता चलाकर आबकारी नियमों की अवहेलना की है।

### ग्रीन रजवाडा में भी की रेड

टीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ग्रीन रजवाडा होटल एवं रेस्टोरेंट नजदीक रिवासा फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि होटल में कुल 11 केबिन बने हुए है, जिसमें करीब 12 मेज व 45 कुर्सियां डली हुई मिली। कुर्सियों पर करीब 20-25 लोग बैठकर शराब पी रहे थे तथा होटल मालिक द्वारा चखना परोसा जा रहा था। होटल के काउंटर पर प्रदीप निवासी ढाणी कोलाना थाना खोल जिला रेवाडी बैठा मिला। जिसनें टीम को बताया कि इस होटल-आहता का मालिक धीरज निवासी डुलाना है। इसके बाद टीम ने होटल मालिक से आहता चलाने से संबंधित लाइसेंस मांगा तो वह पेश नहीं कर सका।



कनीना। शैंबो चैंपियनशिप प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में खिलाड़ियों से परिचित होते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरित कर किया सम्मानित

■ शैंबो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का विधिवत समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में पिछले दो दिन से जारी 14वीं राष्ट्रीय शैंबो चैंपियनशिप प्रतियोगिता-2024 का रविवार को विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक थे। जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरित कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर व अनुशासित समाज के लिए जीवन में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यार्थियों को जीवन में खेल अपनाना चाहिए। शैंबो फेडरेशन के महासचिव डिप्टी रामशर्मा ने कहा कि विभिन्न प्रांतों से आए खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान अपने कौशल का बेहतर प्रदर्शन किया। चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि शैंबो चैंपियनशिप में 64 किलोग्राम भार वर्ग में तरुण ने प्रथम, 58 किलोग्राम भार वर्ग में रणवीर ने प्रथम, 50 किलोग्राम में राघव ने प्रथम, 45 किलोग्राम में रोहित, 35 किलोग्राम रामकुवार विजेता रहे। खिलाड़ियों ने खेलों की व्यवस्था, रहन-सहन को लेकर प्रबंधन की प्रशंसा की।

## नवरात्रों को लेकर टाइगर क्लब ने की बैठक में चर्चा



**नारनौल।** चैत्र नवरात्रों में माता के अर्धरात्रि संकीर्तन (माता की चौकी)की व्यवस्थाओं को लेकर टाईगर क्लब परिवार की बैठक क्लब के कोषाध्यक्ष राजेश सैनी के निवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता टाईगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल व सह कोषाध्यक्ष मनोज सिंघल ने की। इस अवसर पर टाईगर क्लब परिवार के प्रधान राकेश यादव ने कहा कि आने वाले चैत्र नवरात्रों में माता की चौकी बड़ी धूमधाम से की जाएगी। माता की चौकी पुरोहित नारायण शास्त्री के सानिध्य में होंगी। उन्होंने बताया कि माता की चौकी में दरबार व्यवस्था प्रवीन यादव, अरुण सोनी, रवि खन्ना को सौंपी गई।

## श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

■ देश के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है शिक्षा : डॉ. बीरसिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं व अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष व कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन कंवर सिंह खातोद व अध्यक्षता प्राचार्य चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने की। प्राचार्य अजीत सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह मे मुख्यातिथि के आगमन पर तिलक समारोह एवं स्वागत के साथ विद्यार्थियों की टीम द्वारा स्वागत किया गया।

वार्षिक पारितोषिक समारोह मे सरस्वती वंदना, गणपति वंदना, वेलकम सॉग, हरियाणी ग्रुप डांस, ग्रुप, वन इंडिया एक्शन सोंग, हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी सोलो डांस, फन्नी एक्ट, कृष्ण लीला, पंजाबी ग्रुप डांस आदि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान स्पोर्ट्स एवं मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य सुमेर सिंह, बस्तीराम, अधिवक्ता सत्यवीर, श्यामलाल बिहाली, सुरेश पूर्व सरपंच मानपुरा, नरेंद्र सरपंच सराय बहादूर नगर, रोहताश अटेली जिलेदार आदि मौजूद रहे।

### संस्थान ने नई पहचान कायम की

भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट शिक्षा, खेल व कलां जगत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान कायम की है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्णा ग्रुप इंस्टीट्यूट हर क्षेत्र में अव्वल है चाहे शिक्षा जगत हो, चाहे खेल जगत हो एवं कलां जगत हो। कंवर सिंह खातोद ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्त्व है। शिक्षा के बलबूते हम अपने राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते है। विद्यार्थियों को शिक्षित, निष्ठावान एवं चरित्रवान होना बहुत जरूरी है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का सार है। यह सभी के लिए समान रुप से आवश्यक है, क्योंकि स्वास्थ्य और शिक्षित समाज का निर्माण दोनों के द्वारा मिलकर ही किया जाता हैं। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि शिक्षा जगत में हमारी सफलता ही मील के पत्थर के रूप में विद्यार्थियों को नई-नई प्रेरणाएं देती है।

### चुनाव के मध्यनजर जल्द जमा करवाएं अपने असले

**नारनौल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने असला लाइसेंस धारकों से अपने हथियार जमा करवाने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उदेश्य से जिले के सभी असला लाइसेंस धारक अपने हथियार जल्द से जल्द अपने नजदीकी थाना पर जमा करवाकर एक सभ्य नागरिक होने का परिचय दें। इस संबंध में संबंधित राजपत्रित अधिकारी व संबंधित प्रभारी थाना/चौकी को भी आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई लाइसेंसी असला धारक जानबूझ कर अपना हथियार जमा नहीं करवाता तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राइजिंग स्टार किड्स प्ले स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव

■ भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष भारती रहीं मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। वार्षिक उत्सव का शुभारम्भ करती मुख्य अतिथि भारती सैनी

शहर में रेवाड़ी रोड स्थित राइजिंग स्टार किड्स प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव रविवार को मनाया गया। इसमें भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी मुख्य अतिथि थी। अध्यक्षता आईटीआई नारनौल के सुपरीडेंट सत्यनारायण सिंह ने की। इस दौरान योगेश कुमार यादव व महेंद्र शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों का हंसना, खेलना और सीखना हमारे समाज की नई पीढ़ी के लिए अत्यंत महत्वूर्ण है। आज के बच्चे ही कल के नेता, वैज्ञानिक, कला के कलाकार और समाज के निर्माणकारी बनेंगे।

### आत्मविश्वास जगाती है शिक्षा

उन्होंने कहा कि शिक्षा वो यंत्र है जो हमारे जीवन की सभी चुनौतियों और खुशियों के बारे में हमारे सभी संदेहों और डर को मिटाने में मदद करती है। ये वो यंत्र है जो हमें खुश और शांतिप्रिय बनाने के साथ ही बेहतर सामाजिक मनुष्य बनाती है। शिक्षा केवल ज्ञानार्जन करना नहीं है हालांकि इसका अर्थ खुश रहने, दूसरों को खुश करने, समाज में रहने, चुनौतियों का सामना करने, दूसरों की मदद करने, बड़ों की देखभाल करने, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार आदि के तरीकों को सीखना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक स्वस्थ्य भोजन की तरह है जो हमें आंतरिक और बाहरी दोनों तरीके से पोषित करती है। ये हमें आंतरिक रूप से मजबूत बनाती है और हमारे व्यक्तित्व के निर्माण व ज्ञान देने के द्वारा हमें बहुत ज्यादास आत्मविश्वास देती है। अच्छी शिक्षा ही बुरी आदतों, गरीबी, असमानता, लैंगिक भेदभाव और बहुत से सामाजिक मुद्दों को हटाने का एकमात्र रास्ता है।

## लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने के लिए हम तैयार : डॉ. राज यादव



नारनौल। रैली में शामिल होने के लिए जाती महिला कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

डा. राज सुनेश यादव ने अपनी टीम के साथ लोकतंत्र को बचाने के लिए रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ महारैली के लिए संगठनात्मक एकता का परिचय देते हुए, नारी न्याय के लिए आवाज बुलंद की। डा. राज ने कहा भाजपा सरकार चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। ये आम चुनाव नहीं, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का चुनाव है तथा इस विरासत को सुरक्षित रखना हमारी सम्मिलित जिम्मेदारी है। इस रैली में संदीप उर्फ टिल्लू राव, माया देवी, अनुराधा, चित्रा, सावित्री, रीना, सुरेश फौजी, रिया यादव आदि शामिल हुए।

## नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा में आकाश एकेडमी के बच्चों का बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नवोदय विद्यालय शिक्षा समिति द्वारा संचालित नवोदय स्कूल कक्षा छठी की प्रवेश परीक्षा का परिणाम रविवार को जारी किया गया, जिसमें आकाश एकेडमी के 14 बच्चों का सिलेक्शन हुआ है। बालमुकुंद गुप्ता ने कहा कि आकाश एकेडमी संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार उचित प्लेटफॉर्म देना है। इस क्षेत्र में एकेडमी अपना काम पूरी निष्ठा से कर रही है। इस दौरान सभी सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। देवेंद्र बैरावास ने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा पूरी लग्न के साथ शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। अब प्रतिस्पर्धा का युग है। इसमें सफलता पाने के लिए आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ना होगा।

## राव बहादुर सिंह के समर्थन में दुष्यंत ने की जनसभा

■ गांव पालड़ी पनिहारा से की जनसंपर्क अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पूर्व उपमुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। इसी सिलसिले में जजपा उम्मीदवार राव बहादुरसिंह के समर्थन में प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रविवार दोपहर गांव पालड़ी पनिहार, खुड़ाना, दुलोठ अहीर व नांगल सिरोही में पहुंचे और ग्रामीणों को संबोधित कर राव बहादुरसिंह के साथ जुड़कर उन्हें संसद में भेजने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में पार्टी उम्मीदवार राव बहादुरसिंह व जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला गांव पालड़ी पनिहार में शहीद रामकुमार यादव की प्रतिमा पर पहुंचे और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### कार्यकर्ताओं को संभालना होगा मोर्चा : दुष्यंत

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने यहां से राव बहादुरसिंह को टिकट दिया है। अब यह बहादुरसिंह की लड़ाई नहीं आप खड़े हो और महेंद्रगढ़ जिला की कमान संभालने का काम करो। हर घर जाकर मतदाताओं से मिले। अगर यह सोचते हो कि पार्टी का पदाधिकारी यह काम कर सकता है तो गलत है। पार्टी का कर्मठ कार्यकर्ता ही यह काम कर सकता है। पदाधिकारी हर मतदाताओं तक नहीं पहुंच सकता। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल में आपकी सेवा करने का मौका मिला। इस दौरान प्रदेश में बड़े बदलाव किए। करीब 30 हजार दूरी की सड़क का निर्माण करवाया। महेंद्रगढ़-दादरी सड़क की हालत किसी से छिपी नहीं है, आज इस सड़क का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है।